# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (21.03.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.03.2025, PAGE-04

पहल | बाजरा, मडुआ, कंगनी, कोदो, सांवा और कई तरह के बीज से होंगे तैयार, जुलाई तक शुरू होगा उत्पादन, बाजार में भी उतारा जाएगा

# प्रोटीन वाला बार, लड्डू और मठरी बनाएगा बीआरएबीयू

हि विशेष

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। डायबिटिज मरीजों के लिए बीआरएबीयू प्रोटीन वाला बार बनायेगा। बीआरएबीयू के होम साइंस विभाग में यह प्रोटीन बार बनाया जाएगा। विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. विदिशा मिश्रा और उनकी शोध छात्रा पंखुड़ी कुमारी ने यह प्रोजेक्ट तैयार किया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि जुलाई तक यह प्रोडक्ट तैयार कर लिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि होम साइंस विभाग में मोटे अनाज से यह प्रोडक्ट तैयार किया जायेगा। प्रोटीन बार के अलावा प्रोटीन लड्डू और प्रोटीन मट्ठी भी बनाई जायेगी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस प्रोडक्ट को बनाने में हमलोग बाजरा, मडुआ, कंगनी, कोदो, सांवा के अलावा तिल का बीज, मेथी का बीज, कद्दू और सूरजमुखी का बीज इस्तेमाल करेंगे। बीआरएबीयू में पहली बार ऐसा प्रोडक्ट तैयार किया जा रहा है।

**पहले विभाग में ही करायी जायेगी टेस्टिंग :** इस प्रोडक्ट को होम साइंस विभाग के लैब में ही तैयार किया जायेगा। प्रोडक्ट तैयार होने के बाद विभाग में शिक्षकों के पैनल को खिलाकर इसकी टेस्टिंग कराई जायेगी। विभाग के पैनल से पास हो जाने के बाद इसे विवि के आसपास रहने वाले डायबिटीज रोगियों को भी दिया जायेगा। इससे पहले हमलोग विवि के आसपास रहने वाले 50 डायबिटीज रोगियों को चिन्हित करेंगे और उनका शुगर कितना रहता है इसे रजिस्टर में दर्ज करेंगे। डायबिटीज रोगियों को यह प्रोटीन बार खिलाने के बाद यह देखा जायेगा कि उनके डायबिटीज के स्तर में कितना अंतर आ रहा है।

**50** डायबिटीज रोगियों को चिह्नित कर देखा जाएगा सुधार

- डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के लिए किया जा रहा तैयार
- विवि के होम साइंस विभाग में मोटे अनाज से बनाया जाएगा

## खाने में लगेगा मीठा पर नहीं बढ़ेगा शुगर

होम साइंस विभाग में तैयार होने वाले इन प्रोडक्ट का स्वाद मीठा होगा पर इससे शुगर नहीं बढ़ेगा। डॉ. विदिशा ने बताया कि प्रोटीन बार लड्डू में जो चीजें मिलाई गई हैं, उनमें फाइबर प्रचूर मात्रा में है, यह शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है। इनमें इस्तेमाल होने वाली चीजों का ग्लाइसीमिक इंडेक्स 50 प्वाइंट से कम होता है।

## पेटेंट के लिए विवि की ओर से होगी कोशिश

इस प्रोडक्ट के तैयार होने के बाद इसे बाजार में भी उतारा जायेगा। डॉ. विदिशा ने बताया कि बाजार में उतारने के बाद हमारी कोशिश होगी इस प्रोडक्ट का पेटेंट भी कराया जाये ताकि यह प्रोडक्ट बिहार विवि के नाम पर हो जाये। बाजार में उतारने के बाद इसका मूल्य भी तय किया जायेगा। मूल्य आमलोगों की पहुंच में रहेगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 21.03.2025, PAGE-06


# बिहार विवि के 12 शिक्षक बने नियमित प्राचार्य

- विवि सेवा आयोग ने साक्षात्कार का रिजल्ट किया जारी
- विश्वविद्यालय की सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह का भी चयन

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि के 12 शिक्षकों का चयन नियमित प्राचार्य के तौर पर हुआ है। विवि सेवा आयोग ने नियमित प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर गुरुवार को रिजल्ट जारी किया। आयोग ने 18 और 19 मार्च को प्राचार्य पद के लिए साक्षात्कार लिया था।

बिहार विवि से कई शिक्षक साक्षातकार में शामिल हुए थे। विवि की सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह का भी नियमित प्राचार्य के तौर पर चयन किया गया है। प्रो. मधु के अलावा एमडीडीएम की प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया, एलएस कॉलेज के प्रो. संजीव मिश्रा, एमएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मृगेंद्र, जैतपुर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार सिंह, पीजी साइकोलॉजी के प्रो. अलका जायसवाल, वैशाली महिला कॉलेज की अलका यादव, एलएन कॉलेज भगवानपुर की प्रो. सुनीता गुप्ता, आरएन कॉलेज के प्रो. शशिभूषण, आरडीएस के प्रो. सत्येंद्र प्रसाद सिंह, पीजी भूगोल विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार और प्रो. मिहिर प्रताप का चयन नियमित प्राचार्य के तौर पर हुआ है। विवि सेवा आयोग की ओर से रिजल्ट जारी होने बाद अब चयनित शिक्षकों को उनके विवि आवंटन का इंतजार है। विवि सेवा आयोग जिस विश्वविद्यालय में उन्हें भेजेगा चयनित शिक्षकों को वहां योगदान देना होगा। इनके प्राचार्य बनने पर बुटा संरक्षक विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह, बुटा अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार, महासचिव डॉ. सुनील कुमार सिंह, बुस्टा कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. जयकान्त सिंह, बुस्टा महासचिव प्रो. रमेश प्रसाद गुप्ता, सीनेटर प्रो. प्रमोद कुमार आदि ने बधाई व शुभकामना दी है।